जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 अंक-3 जयपुर, सोमवार, 23 जनवरी, 2023 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व अध्यक्ष ने उपनयन संस्कार के पोस्टर का किया विमोचन





**जयपुर (हमारा वतन)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के द्वारा दिनांक 8 फरवरी 23, बुधवार को कागलिया वाले बालाजी मंदिर, मोरीजा रोड पर आयोजित पंचम उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार के पोस्टर का विमोचन राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष राम मनोहर शर्मा ने किया । इस दौरान एडवोकेट राम मनोहर शर्मा ने कहा कि यह उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार समाज को नई दिशा देने वाला कार्यक्रम है तथा समाज मे ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए जिससे समाज के बच्चों में बौद्धिक, शैक्षणिक व शारीरिक विकास हो सके । ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में संस्कारो का संवर्धन होता है । इस दौरान जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा, गोविंदगढ़ ब्लॉक प्रभारी कैप्टन श्रीराम शर्मा एवं एडवोकेट रामानुज शर्मा उपस्थित रहे।

## नहीं रहे हमारा वतन समाचार पत्र के संरक्षक बाबूलाल सैनी



जयपुर । हमारा वतन समाचार पत्र के संरक्षक बाबूलाल जी सैनी ने 20 जनवरी को 81 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली । आपकी निष्पक्ष पत्रकारिता हमेशा याद रखी जाएगी। बाबूलाल जी सैनी स्वास्थ्य खराब होने की वजह से जयपुर के मानसरोवर स्थित साकेत हॉस्पिटल में भर्ती थे, रात 9 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली । अंतिम संस्कार उनके पैतृक निवास श्याम नगर, सोडाला में किया गया । गौरतलब है कि बाबूलाल जी सैनी हमारा वतन समाचार पत्र के कई सालों तक संपादक रहे और अभी वर्तमान में संरक्षक के रूप में उनकी सेवाएं इस उम्र में भी निरंतर जारी थी । हमारा वतन परिवार अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित करता है । आप अब इस दुनियां में नहीं लेकिन आपकी पत्रकारिता हमेशा जिंदा रहेगी ।

## केमिस्ट एसोसिएशन ने किया माली समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत



**चौमूं (हमारा वतन)।** केमिस्ट एसोसिएशन चौमूं अध्यक्ष राजेश बारी के नेतृत्व में चौमूं सैनी समाज के नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष घीसालाल सैनी का सैनी समाज सभा भवन चौमूं में पहुंचकर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी कैलाश गौरा, संजीव अग्रवाल, विनोद शर्मा, सुरेश तंवर, सुकेश चौबे, अनिल जैन, महेश सैनी, सुनील गंगवाल, रवि कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की भविष्यवाणी फिर हुई सिद्ध



**दिल्ली (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर के अध्यक्ष और अंतर्राष्टीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की भविष्यवाणी एक बार फिर सिद्ध हो गई है । पंडित रविन्द्र आचार्य ने संसद भवन के डिप्टी डायरेक्टर पुष्पेंद्र वर्मा की भविष्यवाणी की थी कि आप जल्द ही डायरेक्टर बन जाएंगे, वह सिद्ध हुई है। डायरेक्टर बनने पर पुष्पेंद्र वर्मा का साफा और दुपट्टा पहना कर पंडित रविन्द्र आचार्य ने सम्मान किया । आचार्य ने इस दौरान वर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान शशांक बंसल और पंडित राहुल दाधीच भी मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**खादी मंदिर**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)

पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर

**हमारे विशेष उत्पादन**

सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि
ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है

फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ**

बासनी रोड़, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464

गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध

संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि

संस्था के केन्द्र
- उत्पादन केंद्र : 4
- बिक्री भण्डार : 6
- कार्डिंग प्लांट : 1
- होजरी प्लांट : 1

खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040

अर्जुनदास वैष्णव- अध्यक्ष मो. 9001019876
इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703
त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893

**लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर**



कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !



सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी

निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

**हमारा वतन**





समाचार पत्र की और से सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक

# अघोषित बिजली कटौती और गिरदावरी के मुद्दे को विधानसभा में उठाऊंगा- विधायक रामलाल



**जयपुर (हमारा वतन)।** भारतीय जनता पार्टी चौमूँ के कार्यकर्ताओं ने विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों की मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के नाम से उपखंड अधिकारी प्रियवत सिंह को ज्ञापन दिया। उन्होंने मांग कि की विधानसभा क्षेत्र के किसानों की फसल अत्यधिक सर्दी के कारण नष्ट हो चुकी है, उसकी तत्काल गिरदावरी करवा कर किसानों को मुआवजा दिलवाया जाए। विधायक शर्मा ने बताया की चौमूँ विधानसभा क्षेत्र में अधिकांश किसानो की सर्दी में सब्जी की फसल पूर्णतया नष्ट हो गई है और पिछ्ले दो-तीन सालों में कोरोना, ओलावृष्टि और पाले के कारण फसलें नष्ट होने कारण किसानों की स्थिति दयनीय हो गई है, जिससे किसान कर्ज के बोझ के तले दबता जा रहा है। सरकार किसानों की कोई सुध नहीं ले रही है। साथ ही अघोषित बिजली कटौती ने कोढ़ में खाज का काम किया है, अत्यधिक सर्दी के कारण किसान रात को सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं, जिससे फसल बर्बाद हो रही है। हमारी सरकार से मांग है तत्काल गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा स्वीकृत किया जावे तथा किसानों को दिन में बिजली दी जावे और अघोषित कटौती को तत्काल बंद किया जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके। उन्होने के अघोषित बिजली कटौती ओर गिरदावरी को लेकर किसानों की माँग को विधानसभा में उठाने की बात कही। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, बाँसा मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, प्रधान रामस्वरूप यादव, उप प्रधान प्रतिनिधि जयप्रकाश चौधरी, फल सब्जी मंडी पूर्व अध्यक्ष दिनेश गोरा, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, नगरपालिका पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट सहित मंडलों के पदाधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के पार्षद व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# मिस यूनिवर्स बनीं यूएसए की गैब्रिएल

**अमेरिका (हमारा वतन)।** 71वां मिस यूनिवर्स खिताब USA की आर बॉनी गैब्रिएल ने अपने नाम किया है। भारत की हरनाज संधू ने उन्हें ताज पहनाया।

फर्स्ट रनर अप वेनेजुएला की अमेंडा दूदामेल और सेकेंड रनर अप डोमिनिकन रिपब्लिक की एंड्रिना मार्टिनेज रहीं। यह पेजेंट अमेरिका के न्यू ऑर्लेअंस शहर में हुआ। इसमें 25 साल की दिविता राय ने भारत को रिप्रजेंट किया, जो टॉप 5 में नहीं पहुंच सकीं। वो इवनिंग गाउन राउंड में बाहर हो गईं। इस पेजेंट में दुनियाभर की 86 सुंदरियों ने हिस्सा लिया। दिविता टॉप 16 तक पहुंच गई थीं। नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड में दिविता ने सोन चिरैया बन सभी का ध्यान खींचा था। दरअसल, एक समय भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। दिविता की गोल्डन कलर की इस ड्रेस ने इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर भारत की उसी इमेज को दिखाने का प्रयास किया।

# एनसीसी क्रिकेट एकेडमी का हुआ भव्य शुभारम्भ



**जयपुर (हमारा वतन)।** क्रिकेट आज एक वैश्विक खेल बन चुका है, जिसको अधिकतर लोग पसंद करते हैं ।

चौमूं शहर में भी क्रिकेट खेलने वाले और क्रिकेट को पसंद करने वाले बहुत से लोग हैं , लेकिन एक क्रिकेट एकेडमी की कमी खल रही थी जिसे एनएफसी स्पोर्ट्स एंड जिम के डायरेक्टर एनआर गौरा ने पूरी कर दी है ।

जी हां चौमूं शहर के वार्ड नंबर 3, दूल्हा सिंह की ढाणी स्थित एनसीसी क्रिकेट एकेडमी का शुभारंभ भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता और चौमूं विधायक रामलाल शर्मा, भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा और भाजपा युवा नेता शंकर गौरा के कर कमलों से संपन्न हुआ।

विधायक रामलाल शर्मा ने उपस्थित खेल प्रेमियों से कहा कि इस क्रिकेट एकेडमी से जल्द ही खिलाड़ी राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर और भारतीय क्रिकेट टीम में खेलते नजर आएंगे । किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता पड़ी तो मैं हर संभव मदद को तैयार रहूंगा ।

एनआर गौरा शुरू से ही फिटनेस के प्रति सजग रहे हैं और युवाओं को एनएफसी जिम के द्वारा फिट रखने का प्रयास कर रहे हैं । क्रिकेट एकेडमी की शुरुआत के लिए एनआर गौरा को बहुत-बहुत बधाइयां और शुभकामनाएं । शुभारंभ से पूर्व सभी अतिथियों का माल्यार्पण और साफा पहनाकर आयोजकों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया ।

मंच संचालन एंकर अमित सैनी ने किया । डायरेक्टर एनआर गौरा ने बताया की चौमूं क्षेत्र में बहुत से क्रिकेट प्रेमी है, लेकिन एक अच्छा प्लेटफार्म नहीं था, उनकी आवश्यकता को देखते हुए हमने एनसीसी क्रिकेट एकेडमी के नाम से क्रिकेट की एकेडमी का शुभारंभ किया है ।

एकेडमी में 3 विकेट मौजूद हैं । शुभारंभ पर एकेडमी में 42 बच्चों का एडमिशन हुआ। रजिस्ट्रेशन फीस में 20% की छूट रखी गई है ।

इसी के साथ ड्रेस किट और फ्री जिम का शानदार ऑफर चल रहा है ।इस दौरान डॉ. अशोक टोकस, डॉक्टर आरती टोकस, डॉ. अनु बराला,अशोक गोरा, हाथनौदा सरपंच अनिल शेरावत, डॉ. राकेश महला, डॉक्टर हनुमान बराला, डॉ.एनसी निठारवाल, डॉ. देशराज गढ़वाल, छुट्टन यादव, विकास घोसल्या, पवन चोपड़ा, सुरेश सेरावत, दिनेश गोरा, महेश सामोता, गजानंद कुमावत, चंद्रकला नागौरी, अनुराग शर्मा, सुरेश फौजी, बाबूलाल गुर्जर, श्याम शर्मा, सीमा पालावत, मुलायम सिंह, मोहन, डॉ.श्रवण बराला, उमेश, एकेडमी संरक्षक नानूराम गोरा और गर्ल्स जिम ट्रेनर धर्मा नागा भी मौजूद रहे ।

## मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति

# शासन सचिवालय परिसर में होगा नए कार्यालय भवन का निर्माण



**जयपुर(नि.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शासन सचिवालय परिसर में नवीन कार्यालय भवन निर्माण कार्य के लिए 273.25 करोड़ रुपए की वित्तीय सहमति दी है।उक्त निर्माण कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किए जाएंगे। इसमें बहुमंजिला ब्लॉक का निर्माण, उत्तर एवं दक्षिण ब्लॉक के निर्माण कार्य, स्वच्छ जलाशयों का निर्माण, पाइप लाइन, सबमर्सिबल पम्प सहित विभिन्न कार्य किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने सचिवालय कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शासन सचिवालय में नवीन कार्यालय भवन निर्माण के लिए घोषणा की थी। इसी घोषणा के क्रम में यह वित्तीय सहमति प्रदान की गई है।

# राजस्थान में दिसंबर माह में प्राथमिक वस्तुओं में कम रही महंगाई दर



**जयपुर(नि.सं.)।** आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की ओर से दिसंबर, 2022 माह के राज्यस्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आंकड़े जारी किये गए हैं। इन मासिक आंकड़ों के अनुसार दिसंबर माह के दौरान राज्य में सभी वस्तुओं का थोक मूल्य सूचकांक 390.06 प्रतिशत रहा है। इसी आधार पर मुद्रास्फीति की वार्षिक वृद्धि दर दिसंबर माह में 3.81 प्रतिशत रही। विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर माह में कृषि उत्पादों की महंगाई दर में कमी आई है। इनमें सब्जियों में 33.24 प्रतिशत, दूध में 0.11 प्रतिशत, मसालों में 1.96 प्रतिशत और तिलहन में 3.97 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। जबकि अनाजों में 3.25 प्रतिशत, दालों में 2.15 प्रतिशत, फलों में 12.68 प्रतिशत, अंडा-मांस और मछली में 0.41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, दिसंबर, 2022 के दौरान खनिजों में चूना पत्थर में 4.50 प्रतिशत की कमी रही, जबकि चांदी में 3.74 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार द्वितीय समूह जैसे ईंधन, शक्ति, प्रकाश और उपस्नेहक में दिसंबर, 2022 के दौरान थोक मूल्य सूचकांक 578.08 रहा। वहीं, विनिर्मित उत्पाद समूह के सूचकांक में वृद्धि हुई है और यह 303.84 पर पहुंच गया है।0

# तारबंदी के मापदंडों में किसानों को प्रदान की शिथिलता, अब 10 फीट के स्थान पर 15 फीट पर लगा सकेंगे पिलर

**जयपुर(नि.सं.)।** राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना के अंतर्गत फसल सुरक्षा मिशन के तहत तारबंदी कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न जिलों से प्राप्त सुझावों के मद्देनजर कृषक हित में तारबंदी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक व्यावहारिक बनाए जाने के उद्देश्य से पूर्व में जारी दिशा निर्देशों के मापदंडो में शिथिलता प्रदान की गई है। कृषि आयुक्त श्री कानाराम ने बताया कि अब किसान तारबंदी में 6 होरिजेंटल एवं 2 डायगोनल वायर के स्थान पर 5 होरिजेंटल व 2 डायगोनल तार लगा सकेंगे एवं अब 10 फीट के बजाय 15 फीट की दूरी पर पिलर लगा सकेंगे। साथ ही 10 वें पिलर के स्थान पर 15 वें पिलर पर अतिरिक्त पिलर से सपोर्ट किया जा सकेगा। किसान व्यक्तिगत या समूह में प्रति किसान 400 रनिंग मीटर की सीमा तक कृषक या समूह में निर्धारित स्पेसीफिकेशन के अनुसार तारबंदी किए जाने पर अनुदान देय होगा।


Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal

मोनिका प्रिन्टर्स

WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ

फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड

हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।

एक बार सेवा का मोका अवश्य दें

Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192

monikaprinters68@gmail.com



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

अंबेडकर विकास समिति चौमूं
जिला-जयपुर द्वारा संचालित केंद्र एवं भंडार

1. कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र, हाथनौदा, तहसील-चौमूं,- जिला जयपुर
2. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बुनकर बस्ती चौमूं, जिला- जयपुर 303702
3. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बजाज नगर, जयपुर
4. खादी ग्रामोद्योग भंडार, पहाड़ा, कालक्या माता आरटीओ रोड, उदयपुर 313001

हमारे उत्पाद
दरी, फ़र्श,खेश, आलमारी, टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान



मोहन लाल बुनकर, अध्यक्ष
रामजी लाल वर्मा, मंत्री
शंकर लाल वर्मा, सहा. मंत्री

## पाकिस्तानी एक्टर ने काजोल संग किया 'लिपलॉक', बताया बचपन से था बॉलीवुड एक्ट्रेस पर क्रश

बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल ने अपना अगला प्रोजेक्ट साइन कर लिया है। सुपरहिट शो द गुड वाइफ के हिंदी रीमेक में काजोल पाकिस्तानी एक्टर अली खान के साथ नजर आएंगी। एक इंटरव्यू में अली खान ने काजोल संग किसिंग सीन शूट करने को लेकर खुलकर बात की। अली ने कहा कि काजोल उनके बचपन का प्यार हैं। **अली को बचपन से था काजोल पर क्रश**-अली ने कहा कि काजोल बॉलीवुड की इकलौती एक्ट्रेस हैं जिन पर उन्हें क्रश रहा है। नादिर अली के पॉडकास्ट में अली ने शाहरुख खान के साथ काम करने और मल्टी स्टारर फिल्म द आर्चीज को लेकर भी बात की। बात करें अली खान के काजोल से लगाव के बारे में तो उन्होंने कहा- जब मैं छोटा था तो काजोल मेरी फेवरिट एक्ट्रेस थीं।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा**

पिछड़े वर्गो का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

**हमारे बिक्री भण्डार**

❒ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार बूंदी ❒ खादी भण्डार झालावाड़ ❒ खादी भण्डार बारां ❒ खादी भण्डार इटावा ❒ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

**उत्पादन केन्द्र**

● खादी आश्रम कोटा ● खादी आश्रम बूंदी
● खादी आश्रम मांगरोल ● खादी आश्रम अटरू

**विशेषता:** कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

**अटरू विशेष योजना कार्यक्रम :** हाडौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

आ.ल. खाण्डेकर - संरक्षक
रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष
राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष
कमल किशोर शर्मा - मंत्री
प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

खादी भारत Khadi India

**खादी ग्रामोद्योग भण्डार**

(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)



- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18 , चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252 , जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा , संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा , दरीफर्श , दरियां , खेश , बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई , गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन , स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216




## टॉम क्रूज को पछाड़ चौथे सबसे अमीर अभिनेता बने शाहरुख खान, जानें कितनी है कीमत

शाहरुख खान की लोकप्रियता सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है। वह पूरी दुनिया में जाने जाते हैं और सोशल मीडिया पर उनकी बेजोड़ फैन फॉलोइंग है। वह सबसे लोकप्रिय सुपरस्टारों में से एक हैं, उन्हें हाल ही में दुनिया के चौथे सबसे अमीर अभिनेता बताया गया है। शाहरुख खान ने टॉम क्रूज, जैकी चैन, रॉबर्ट डी नीरो और जॉर्ज क्लूनी जैसे कई प्रसिद्ध अभिनेताओं को पीछे छोड़ दिया और वर्ल्ड ऑफ स्टैटिस्टिक्स द्वारा जारी दुनिया के 8 वें सबसे अमीर अभिनेताओं की सूची में चौथा स्थान हासिल किया। लिस्ट के मुताबिक शाहरुख खान की कुल संपत्ति 770 मिलियन डॉलर है। सूची में उनके ऊपर जेरी सीनफेल्ड, टायलर पेरी और ड्वेन जॉनसन का नाम है, जबकि शाहरुख को चौथे सबसे अमीर अभिनेता के रूप में नामित किया गया था। इसके बाद टॉप गन स्टार टॉम क्रूज थे, जो 620 मिलियन डॉलर के साथ लिस्ट में 5वें स्थान पर थे। शाहरुख खान के अलावा, सूची में एकमात्र गैर-अमेरिकी जैकी चैन हैं, जिनकी कुल संपत्ति 520 मिलियन डॉलर है। जॉर्ज क्लूनी और रॉबर्ट डेनिरो प्रत्येक 500 मिलियन डॉलर पर हैं।सबसे सफल अभिनेताओं में से एक होने के अलावा, शाहरुख खान का एक स्पोर्ट्स बिजनेस, उनकी वीएफएक्स कंपनी, कई ब्रांड विज्ञापन और अन्य बिजनेस भी हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि सुपरस्टार के पास कई महंगी चीजें हैं- शानदार महंगी कारों से लेकर शानदार घरों तक। वह कई महंगी चीजों के मालिक हैं, लेकिन मुंबई के बांद्रा में उनका सी फेसिंग घर मन्नत, उसकी सबसे महंगी संपत्तियों में से एक है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मन्नत की कीमत करीब 200 करोड़ रुपए है। शाहरुख खान चार साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सुपरस्टार जल्द ही दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम के साथ अगली फिल्म पठान में मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। शाहरुख खान स्टारर पठान 25 जनवरी 2023 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। शाहरुख के पास नयनतारा के साथ राजकुमार हिरानी की डंकी और एटली का जवान भी है।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**लोक सेवा समिति, नगर ( जिला - भरतपुर)**

**हमारे खादी उत्पादन**
दरी, फर्श, गाढ़े , जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

**ग्रामोद्योग उत्पाद**
शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

हमारे बिक्री भण्डार : ■ नगर, पहाड़ी , लक्ष्मणगढ़ ■ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड , नगर, ■ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष मातादीन शर्मा - उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा - सहायक मंत्री



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 0296 - 2243518

❃ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❃ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❃ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❃ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❃ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❃ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❃ खादी निकेतन, बागीदौरा
❃ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल

स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष गणपत लाल जैन - मंत्री इच्छा शंकर शर्मा - सहायक मंत्री



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**राजस्थान खादी संघ**

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्रों में

❒ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जोहरी बाजार ,अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ,।

❒ खादी भंडार जोधपुर, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा ।

**हमारे उत्पाद**
सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदीये

राधेश्याम गुप्ता, : अध्यक्ष
चमेल सिंह : उपाध्यक्ष
महेश कुमार शर्मा : सहायक मंत्री
बाबूलाल यादव: मंत्री

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# वैश्विक शक्ति केंद्र के रूप में उभरता भारत

तेजी से बदल रहे वैश्विक ढांचे में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण होती जा रही है। भारत भी इस भूमिका को विस्तार एवं गहराई देने में जुटा है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए बीते दिनों नई दिल्ली में 'वाइस आफ द ग्लोबल साउथ समिट' का वर्चुअल आयोजन हुआ। भारत के आमंत्रण पर करीब 125 देशों के प्रतिनिधि इसमें शामिल हुए। यह इस बात का भी प्रमाण है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख और मान्यता लगातार बढ़ रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन से पुनः स्पष्ट हुआ कि भारत वैश्विक स्तर पर उन देशों की आवाज उठाना चाहता है, जिसे अक्सर अनसुना कर दिया जाता है। सम्मेलन में जुटे विकासशील एवं अल्पविकसित देशों के प्रतिनिधियों को प्रधानमंत्री मोदी ने संदेश दिया कि 'आपकी आवाज ही भारत की आवाज है और आपकी प्राथमिकताएं भारत की प्राथमिकताएं हैं।' वहीं विदेश सचिव वीएम क्वात्रा ने कहा कि भारत की जी-20 मेजबानी के दौरान यह दावा अवश्य किया जा सकता है कि उसने न केवल बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के साथ मंत्रणा की, बल्कि संपूर्ण विकासशील दुनिया की भावनाओं और विचारों का भी प्रतिनिधित्व किया। स्पष्ट है कि इन बातों से प्रतिभागी देशों में भारत के प्रति भरोसे का भाव बढ़ा होगा। इसकी पुष्टि अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं के बयानों से भी हुई, जिन्होंने स्वीकार किया कि गरीब और वंचित देशों को इसी प्रकार एकजुट होकर मंच पर लाया जाए तो वे समृद्धि के स्वप्न को साकार कर सकेंगे। संयुक्त राष्ट महासभा में भी यही सहमति बनी थी कि विकासशील देशों (जी-77) की 'संयुक्त समझौता वार्ता क्षमता' में बढ़ोतरी हो और अपने संख्याबल के आधार पर वे अपने हितों की रक्षा कर सकें। ऐसे में यह संतोष की बात ही कही जाएगी कि भारत ने इस समूह के अधिकांश देशों के लिए यह आयोजन किया और इन देशों ने इसे सफल बनाया।


राम गोपाल सैनी

## सीकर प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

# व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जयपुर(नि.सं.)। उद्योग, वाणिज्य, राजकीय उपक्रम एवं देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत ने श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज सीकर में तथा निर्माणाधीन हॉस्पिटल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रभारी मंत्री रावत ने मेडिकल कॉलेज में फिजियोलॉजी विभाग, फॉरेनसिक विभाग, कॉन्फ्रेंस हॉल, सेंट्रल लाइब्रेरी, रीडिंग रूम का निरीक्षण कर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज वर्मा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में 300 विद्यार्थी वर्तमान में अध्यनरत है वहीं 20 बेडेड अल्ट्रा मॉर्डन आईसीयू की शुरुआत मेडिकल कॉलेज में कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज की लाइब्रेरी में 30 कंप्यूटर भी रखे गए है तथा सभी प्रकार की जांच करने के लिए आधुनिक उपकरण उपलब्ध है तथा सभी



प्रकार के रोगियों के लिए लगभग 15 सौ प्रकार की दवाइयां निशुल्क दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मल सिंह ने प्रभारी मंत्री को बताया कि जिले में एक लाख 49 हजार लाभार्थियों को 222 करोड़ रूपए का चिरंजीवी योजना में लाभ दिया गया है, वहीं मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देने का कार्यक्रम आगामी दौरे पर मेडिकल कॉलेज में रखे जाने के निर्देश प्रभारी मंत्री ने दिए। इस दौरान सीकर विधायक राजेंद्र पारीक, नगर परिषद सभापति जीवन खां, बीसूका उपाध्यक्ष सुनीता गिठाला, जिला पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र मूंड, कांताप्रसाद मोर, पूर्ण कंवर, प्रिंसिपल के. के. वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मल सिंह, पीएमओ महेंद्र खीचड़, मेडिकल कॉलेज का स्टॉफ मौजूद रहा।

## मर्द

ज़ब भी आँखों से ओझल कोई
दर्द दिखाई देता है
क्या ध्यान से देखा है सबने? इक
मर्द दिखाई देता है
करुणा कलित हृदय में पीड़ा डेरा
डाले सोती है
अनेक भाव में अभाव लगाकर
एक सूत्र में पिरोती है
नहीं किसी से कहने वाला बस
अर्ज दिखाई देता है
ज़ब भी आँखों से ओझल कोई
दर्द दिखाई देता है
क्या ध्यान से देखा है सबने? इक
मर्द दिखाई देता है
जहमत के आगे फुरसत,कुछ
कदम नहीं चल सकती है
क्या किसी को इल्म हुआ है कभी
के कितना छल सकती है
दुख के आगे केवल बस केवल
फर्ज दिखाई देता है
ज़ब भी आँखों से ओझल कोई
दर्द दिखाई देता है
क्या ध्यान से देखा है सबने? इक
मर्द दिखाई देता है
मौन अधर, बन मूक चले,
जरूरतें तांडव करती हैं मन में
बस भागदौड़ और गुणा -भाग
इससे इतर क्या जीवन में
क्या गरमी....क्या बारिश...नहीं
सर्द दिखाई देता है
ज़ब भी आँखों से ओझल कोई
दर्द दिखाई देता है
क्या ध्यान से देखा है सबने? इक
मर्द दिखाई देता है


-सिद्धार्थ गोरखपुरी

## चित्तौड़गढ़ के प्रभारी मंत्री ने ली जिले के अधिकारियों की बैठक- आम आदमी को सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले - खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री

जयपुर(नि.सं.)। खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री तथा चितोड़गढ़ जिले के प्रभारी प्रताप सिंह खाचरियावास ने चित्तौड़गढ़ जिला परिषद सभागार में जिले के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ गरीबों तथा आम आदमी तक अधिक से अधिक पहुंचाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री खाचरियावास ने कहा कि योजनाओं को लागू करने में चित्तौड़गढ़ जिले का प्रदर्शन अच्छा है। उन्होंने अधिकारियों से आपस में समन्वय स्थापित करने और बेहतर कार्य करने को कहा। प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का फीडबैक लेते हुए पानी, बिजली और सड़क सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। स्वायत शासन विभाग के शासन सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव डॉ. जोगाराम ने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनने और उनके यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल सहित संबंधित अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर -231001

बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वावलम्बी बन सके।

❒ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी ❒ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

शाखा केन्द्र
कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

राम भरोसी गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित

भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए

''मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी ? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।''

- महात्मा गांधी

11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत

रामदास शर्मा
अध्यक्ष

अनिल शर्मा
मंत्री

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित
तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा